भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net E_mail:scoutguide_bpl@dataone.in Phone ✆: 2661263,2737446 Fax: 2737446

ज्ञाप क्र0/1595 /रामु/गति–गा.वि./ 2013 भोपाल, दिनांक 07/06 /2013

प्रति,

1 **जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास**
**पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड)**
**जिला ..........................................................................................**

2. **सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)**
**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश**
**संभागीय मुख्यालय ...............................................**

3. **जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)**
**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश**
**जिला संघ ............. ...................................................**

**विषय :– 20 दल संचालन अभियान 2013 विषयक् ।**

–0–

विषयान्तर्गत लेख है कि स्काउटिंग–गाइडिंग गतिविधियों के चहुमुखी विकास की दृष्टि से प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्काउट/गाइड के सभी विभागों (कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड एवं रोवर–रेंजर) दलों के नियमित संचालन एवं स्काउट–गाइड तथा स्काउटर–गाइडर में गुणात्मक व संख्यात्मक वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में 20 दल का संचालन अभियान के रूप में चलाये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ साथ उनका सर्वांगीण विकास हो सके एवं सुनागरिकता की शिक्षा प्राप्त हो सके जिससे वह समाज में अपनी अलग पहचान बना कर अच्छे समाज का निर्माण कर **"स्वर्णिम मध्यप्रदेश"** के निर्माण में सहयोग दे सके। गतवर्ष भी 20 दलों का चयन कर कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन स्काउटर –गाइडर एवं संस्था प्रमुखों द्वारा पर्याप्त रूचि न लेने के कारण सफलता प्राप्त नहीं हो सकी । **<u>इस वर्ष 20 दलों का संचालन अभियान के रूप में करने का निर्णय लिया गया है ।</u>** इस लिये आवश्यक है कि दल का चयन करते समय संस्था प्रमुख एवं स्काउटर–गाइडर की सहमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जावे, साथ ही प्रत्येक दो दलों पर एक प्रशिक्षित व्यक्ति को प्रभारी अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जावे । इस अभियान की कार्ययोजना, निर्देश, फार्मेट संलग्न कर आपको भेजे जा रहे है ।

20 दलों के संचालन अभियान के अन्तर्गत प्रथम चरण में कार्यवाही करने हेतु निम्न निर्देशों को दृष्टिगत रखकर योजना तैयार करें:–

1 **<u>20 दल को चिन्हित कर सूची तैयार करना</u>–**

20 दलों को चिन्हित करने के लिये जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) की अध्यक्षता में निम्न सदस्यों की बैठक का आयोजन कर माह जून 2013 में शालाओं के नाम एवं स्काउटर–गाइडर के नामों को चिन्हित कर सूची तैयार करना ।

**निम्न सदस्य इस अभियान हेतु उत्तरदायी होंगेः–**

**–जिला सचिव**
**–जिला संयुक्त सचिव**
**–जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड)**
**–जिला संगठन आयुक्त(स्काउट/गाइड)**

<u>(जानकारी हेतु प्रपत्र–1 संलग्न)</u>

**20 दल हेतु उन शालाओं का चयन किया जावे जिन विद्यालयों में पर्याप्त राशि एवं प्रशिक्षित स्काउटर–गाइडर हो तथा संस्था प्रमुख की सहमति प्राप्त हो ।**



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

2 **संस्था प्रधान/स्काउटर–गाइडर की बैठक एवं सहमति पत्र प्राप्त करना–**

जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में चयनित 20 दल के संस्था प्रमुख/स्काउटर–गाइडर से जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के समक्ष बैठकर पूरी कार्ययोजना की जानकारी देना एवं सहमति प्राप्त करना । **(जानकारी हेतु प्रपत्र–2 संलग्न)**

3 **20 दलों के सस्था प्रमुख/स्काउटर–गाइडर की बैठक आयोजित कर जानकारी प्राप्त करना–**

20 दलों के स्काउटर–गाइडर की बैठक माह जुलाई 2013 में जिला कमिश्नर स्काउट/गाइड की अध्यक्षता में आयोजित कर निर्धारित **प्रपत्र–3** में जानकारी प्राप्त करना, चयनित 20 दल के उद्देश्य से परिचित करवाना । **(जानकारी हेतु प्रपत्र–3 संलग्न)**

4 **20 दलों के प्रगतिथील प्रथिक्षण की जानकारी प्राप्त करना–**

20 दल में स्काउट विभाग के सभी विभाग–कब, स्काउट, रोवर एवं गाइड विभाग– बुलबुल, गाइड, रेंजर के सभी दलों का प्रगतिशील प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त कर बच्चों के **नामों की सूची प्राप्त करना** और उनके **आगामी प्रशिक्षण की व्यवस्था** कराना । **(जानकारी हेतु प्रपत्र–4 संलग्न)**

5 **20 दल के लिये आवथ्यक सामग्री सूची प्राप्त कर यूनिफार्म, साहित्य आदि सामग्री उपलब्ध कराना–**

20 दल में प्रशिक्षण व दल संचालन में लगने वाली सामग्री एवं साहित्य की स्थिति ज्ञात कर निर्धारित **प्रपत्र–5** में जानकारी तैयार कर दल को आवश्यक सामग्री 15 अगस्त 2013 तक उपलब्ध कराना ।

**(जानकारी हेतु प्रपत्र–5 संलग्न)**

6 **दल प्रभारी की नियुक्ति–** प्रत्येक दो दल की मानीटरिंग एवं संचालन में सहयोग हेतु एक प्रभारी प्रशिक्षित शिक्षक की नामजद लिखित में ड्यूटी लगाना ताकि वह शिक्षक दल संचालन में संबंधित संस्था के स्काउटर–गाइडर को सहयोग प्रदान करे । इसमें जिले के सेवानिवृत्त एएलटी/एलटी/हि0वु0बैज की ड्यूटी लगाई जा सकती है ।

7 **20 दल के कब–बुलबुल, स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर प्रत्येक स्तर की गतिविधि में प्रतिभागिता सुनिथ्चित कराना –**

राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय, राज्य, संभाग, जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजित गतिविधियों में प्रतिभागिता हेतु बच्चों को तैयार करना एवं सभी गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित कराना ताकि 20 दलों के बच्चों का नियमित रूप से एडवांसमन्ट हो सके ।

8 **20 दल में नियमित ट्रुप मीटिंग/कम्पनी मीटिंग का संचालन कराना–**

माह जुलाई 2013 से 20 दल में ट्रुप मीटिंग/कम्पनी मीटिंगका संचालन सप्ताह में दो बार हो इसके लिये डी0ई0ओ0/ए0सी से परिपत्र संस्था प्रमुखों को जारी कराना तथा शाला के कालखण्ड में इसका समावेश कराना ।

9 **दीक्षा संस्कार, हाईक, पालको की बैठक का आयोजन** – 20 दलों में माह सितम्बर 2013 तक दीक्षा संस्कार का आयोजन कराना जिससे उनका गुणात्मक विकास प्रारंभ हो, हाईक का आयोजन कराना, पालको की बैठक आयोजित कर उनकी स्काउट/गाइड दल में रहने के लाभ की जानकारी देना, जिससे पालक भी इस आंदोलन के प्रति रूचि रखे और अपने बच्चों को दल में सम्मिलित करने में स्वेच्छा से तैयार हो सके ।

**(जानकारी हेतु प्रपत्र–6 संलग्न)**



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

10. **माँनीटरिंग–जिला शिक्षा अधिकारी, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) द्वारा नियमित रूप से उक्त दलों की विजिट कर, मानीटरिंग कर** दल संचालन में सहयोग एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जावे ।

उपरोक्त निर्देशानुसार दिनांक **15 जुलाई 2013** तक कार्य पूर्ण कर दिनांक 30 जुलाई 2013 तक राज्य मुख्यालय भोपाल को संकलित जानकारी अनिवार्य रूप से भेजे । **इस कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें** ।

**संलग्नः–**

1. **कार्ययोजना**
2. **प्रपत्र**

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0 क्र0/ 1596 /रामु/गति–गावि/ 2013 भोपाल, दिनांक 07/06 /2013

प्रतिलिपि :– **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु** –

1. राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2 कलेक्टर महोदय जिला ........................................................................................ ।
3. संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. राज्य संगठन/ प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग .................................................. ।
6 संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास.................................. ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश



Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

प्रपत्र – 2

## –ः– संस्था प्रमुख की सहमति पत्र –ः–

मैं ..........................................................................संस्था का नाम....................................
............................................. अपनी संस्था में कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर का दल संचालन नियमित रूप से करने हेतु दल की आवश्यक सामग्री का क्रय करने के साथ साथ बच्चों को बाहर जाने हेतु राशि की व्यवस्था करूंगा । संस्था के दल संचालित करने वाले संबंधित स्काउटर एवं गाइडर को दल संचालन में पूर्ण सहयोग करने हेतु सहमति व्यक्त करता हूँ ।

दिनांक..................................

हस्ताक्षर संस्था प्रमुख
एवं पदमुद्रा

प्रपत्र – 3

## –ः– स्काउटर–गाइडर की सहमति पत्र –ः–

मैं ..........................................................................संस्था का नाम....................................
............................................. अपनी संस्था में कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर का दल संचालन नियमित रूप से दल का संचालन करूंगा/करूंगी और कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर का गुणात्मक विकास करूंगा साथ ही अपनी स्वयं की स्काउटिंग/गाइडिंग योग्यता में वृद्धि करते हुये नियमित रूप से दल का संचालन करने की सहमति व्यक्त करता/करती हूँ

दिनांक..................................

हस्ताक्षर स्काउटर–गाइडर
एवं पदमुद्रा


Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

# 20 दल की कार्ययोजना माह जुलाई से सितम्बर 2013 तक का कैलेण्डर

| क्रम | अवधि | कार्य विवरण | उत्तरदायित्व | मानिटरिंग एवं सहयोग | मार्गदर्शन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 15 से 20 जून 2013 तक | 20 दलों के चयन हेतु जिला स्तर के उत्तरदायीपदाधिकारियों के साथ बैठक कर योजना तैयार करना एवं डीईओ/एसी को 20 दल के अभियान की जानकारी देना । | जिला सचिव/ डीओसी/डीटीटी संयुक्त सचिव | ए0एस0ओ0सी0 संबंधित संभाग | जिला कमिश्नर जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ |
| 2 | 20 जून से 5 जुलाई 2013 तक | 20 दलों का चयन कर<br>1–स्कूलों के नाम, की सूची तैयार करना,<br>2–स्काउटर–गाइडर के नामों का चययन करना<br>3–प्रमुख व स्काउटर/ गाइडर की<br>दल संचालन हेतु सहमति पत्र प्राप्त करना एवं डीईओ/एसी से संबंधित संस्था प्रमुखों को आदेश जारी कराना | जिला सचिव/ डीओसी/डीटीटी संयुक्त सचिव | ए0एस0ओ0सी0 संबंधित संभाग | जिला कमिश्नर जिला मुख्य आयुक्त जिला संघ |
| 3 | 5 से 10 जुलाई 2013 तक | 20 दल की चयनित सूची निर्धारित प्रपत्र में संभागीय/ राज्य मुख्यालय में भेजना | जिला सचिव डी0ओ0सी0 | एस0ओ0सी0(एस/जी) | संयुक्त संचालक संभा0उपायुक्त आदिवासी विभाग |
| 4 | 10 से 25 जुलाई 2013 तक | 1– दलों का भ्रमणकर बच्चों की सूची तैयार करना<br>2– दल की आवश्यक सामग्री हेतु मॉगपत्र प्राप्त करना<br>3–प्रत्येक दो दल पर एक प्रभारी की नियुक्त कर सूची राज्य मुख्यालय भिजवाना । जो दल संचालन में सहयोग कर सके । | जिला सचिव डी0ओ0सी0 | ए0एस0ओ0सी0 | संयुक्त संचालक संभा0उपायुक्त, आदिवासी विभाग संभागीय कार्यालय संबंधित संभाग |
| 5 | 25 जुलाई से 14 अगस्त 13 तक | 1– जिलेवार 20 दलों के स्काउटर–गाइडर से चर्चा कर स्पष्ट निर्देश देना, ग्रुप स्तरीय कार्यक्रम प्रारंभ कराना ।<br>2– 20 दलों को सामग्री यूनिफार्म एवं साहित्य उपलब्ध कराना ।<br>3– स्काउटर–गाइडर के दायित्व की जानकारी एवं संस्था प्रधान से चर्चा करना । | जिला सचिव/ डीओसी/डीटीटी संयुक्त सचिव | ए0एस0ओ0सी0 | एस0ओ0सी0(एस/जी) |
| 6 | 15 अगस्त से 30 अगस्त 13 तक | 20 दलों की सघन मानीटरिंग कर दल संचालन में सहयोग एवं समस्याओं का निराकरण करना | जिला सचिव/ डीओसी/डीटीटी संयुक्त सचिव | संयुक्त राज्य सचिव एस0ओ0सी0(एस/जी) एस0टी0सी0(एस/जी) | राज्य सचिव |
| 7 | 31 अगस्त 2013 तक | समस्त 20 दलों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र पर संकलित कर राज्य मुख्यालय भोपाल में जमा करना । | डी0ओ0सी0 | ए0एस0ओ0सी | एस0ओ0सी0(एस/जी) |
| 8 | 1 से 15 सितम्बरं | जिन दलों को चार्टर/वारंट प्राप्त | जिला सचिव | एस0ओ0सी0(एस/जी) | राज्य सचिव |

C:\Users\pc\Desktop\20 dal\20 patr kary yojana.doc /sahu-5

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

| क्रम | अवधि | कार्य विवरण | उत्तरदायित्व | मानिटरिंग एवं सहयोग | मार्गदर्शन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 13 तक | नहीं है उनकी सूची तैयार कर चार्टर / वारंट तैयार कराकर दलों को उपलब्ध कराना एवं बच्चों का एडवांसमेन्ट कराना | डीओसी / | एस0टी0सी0(एस / जी) | |
| 9 | 16 से 25 सितम्बर 13 तक | संभाग स्तर पर समीक्षा बैठक का आयोजन करना<br>जिला सचिव, डी0ओ0सी0 ,डीटीसी<br>20 दल के स्काउटर–गाइडर निर्धारित प्रपत्र पर समीक्षा | ए0एस0ओ0सी0 | एएस0ओ0सी0(एस / जी)<br>एस0टी0सी0(एस / जी) | एस0ओ0सी0(एस / जी) |
| 9 | 25 से 30 सितम्बर 2013 | राज्य स्तर पर समीक्षा<br>जिला सचिव, डी0ओ0सी0<br>ए0एस0ओ0सी0 | एस0ओ0सी0(एस / जी)<br>एस0टी0सी0(एस / जी) | ओ0एस0डी0 राज्य मुख्यालय | राज्य सचिव |

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश


Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com